POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 09.07.2025

1. थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस और शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ के संबंध में--

घटना एवं कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **09.07.2025** को **थाना सेक्टर-24** पुलिस द्वारा सेक्टर-54 एलिवेटिड रोड़ के नीचे बैरियर लगाकर चैकिंग की जा रही थी, तभी एनटीपीसी की तरफ से एक स्कूटी सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया, पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर उसको रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस टीम को देखकर पीछे मुड़कर सेक्टर-54 के जंगल की तरफ भागने का प्रयास करने लगा, जिसमें उपरोक्त बदमाश की स्कूटी असंतुलित होने के कारण वह टकराकर गिर गया, बदमाश द्वारा अवैध शस्त्र से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान रवि पुत्र बबलू निवासी त्रिलोकपुरी, थाना मयूर विहार, फेस-1, नई दिल्ली, उम्र करीब 29 वर्ष के रूप में हुयी है। बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर मय एक खोखा कारतूस .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर व घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट लगी चोरी की एक स्कूटी व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो विभिन्न सेक्टर, सोसाइटी व सार्वजनिक स्थानों पर खडे दो पहिया वाहनो को रैकी कर चोरी कर लेता है और राह चलते व्यक्तियों से उनका मोबाइल फोन छीन लेता है। बरामद स्कूटी व मोबाइल फोन के बारे में पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैने अपने साथी के साथ मिलकर यह स्कूटी करीब 15 दिन पहले सेक्टर-34 नोएडा से चोरी की थी तथा यह मोबाइल फोन राह चलते व्यक्ति से छीना था।

अभियुक्त का विवरण--

रवि पुत्र बबलू निवासी त्रिलोकपुरी, थाना मयूर विहार, फेस-1 नई दिल्ली, उम्र 29 वर्ष।

आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 288/2025 धारा 109/303(2)/317(2)/317(5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।

2. मु0अ0सं0 057/2022 धारा 380/411 भादवि थाना सेक्टर-24, गौतमबुद्धनगर।

3. मु0अ0सं0 80109739/2025 धारा 305/33 बीएनएस थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

4. मु0अ0सं0 40903/2024 धारा 380/457 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

5. मु0अ0सं0 349/2024 धारा 380/454 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

6. मु0अ0सं0 357/2024 धारा 380/457 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

7. मु0अ0सं0 533/2024 धारा 380/454 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

8. मु0अ0सं0 147/2024 धारा 380/457 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

9. मु0अ0सं0 223/2024 धारा 380/457 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

10. मु0अ0सं0 443/2024 धारा 380/457 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

11. मु0अ0सं0 342/2024 धारा 380/457 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

12. मु0अ0सं0 368/2024 धारा 380/457 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

13. मु0अ0सं0 916/2024 धारा 380/457 भादवि थाना शकरपुर, नई दिल्ली।

14. मु0अ0सं0 187/2025 धारा 305 बीएनएस थाना जगतपुरी, नई दिल्ली।

15. मु0अ0सं0 078/2025 धारा 305 बीएनएस थाना जगतपुरी, नई दिल्ली।

16. मु0अ0सं0 80032721/2025 धारा 305 बीएनएस थाना जगतपुरी, नई दिल्ली।

17. मु0अ0सं0 187/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस थाना शाहदरा, नई दिल्ली।

18. मु0अ0सं0 671/2024 धारा 451/323/324/34 भादवि थाना मण्डावली, नई दिल्ली।

बरामदगी का विवरण--

1. घटना में प्रयुक्त चोरी की गई बिना नम्बर प्लेट लगी एक स्कूटी जूपिटर कम्पनी
2. लूटा गया एक मोबाइल फोन वीवो कम्पनी रंग नीला बरामद।
3. एक अवैध तमंचा .315 बोर मय एक खोखा कारतूस .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर